तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 22 .0 डिग्री से.

हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

12 लंबित मामलों की व्यक्तिगत समीक्षा करने के दिए निर्देश



12 नौकरी मांगने के बजाय देने वाला बनें : डॉ. पूनम



खबर संक्षेप

तेजरफ्तार गाड़ी ने मारी टक्कर, दो राहगीर घायल

जींद। दालमवाला होटल के निकट कार की टक्कर से दो घायल हो गए। सिविल लाइन थाना पुलिस ने घायलों की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बेगूसराय (बिहार) निवासी अमरजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह उसके इलाके के लाला के साथ शिव कालोनी में किराये के मकान में रह रहा है। दो अक्टूबर को वह तथा लाला जेडी सात पर घूमने निकले थे। उसी दौरान दालमवाला होटल के पास पीछे से आई कार ने उन्हें टक्कर मार दी।

बाइक सवारों ने महिला के कान से बाली झपटी

जींद। रामबीर कालोनी में मकान के दरवाजे में बैठी महिला के कान से बाइक सवार दो युवकों ने सोने की बाली झपट ली। वारदात को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गए। शहर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवार दो युवकों के खिलाफ छीना झपटी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामबीर कालोनी निवासी नीना बिद्रा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शाम को मकान के गेट पर बैठी थी।

जींद में दस खेलों के ट्रायल 15 अक्टूबर को

जींद। जिले में खेल महाकुंभ के तहत खेलों के ट्रायल 15 अक्टूबर को किए जाएंगे। बैडमिंटन, तलवारबाजी, कराटे, थ्रोबॉल, बेसबॉल, जिम्नास्टिक, टेनिस, निशानेबाजी, टेबल टेनिस और नेटबॉल के ट्रायल निर्धारित स्थानों पर होंगे। खिलाड़ियों को संबंधित खेल के तय स्थल पर पहुंचकर चयन प्रक्रिया में भाग लेना होगा। जिला खेल अधिकारी रामपाल के अनुसार बैडमिंटन, कराटे, थ्रोबॉल, बेसबॉल और जिम्नास्टिक के ट्रायल अर्जुन स्टेडियम, जींद में होंगे। तलवारबाजी के ट्रायल इंडस पब्लिक स्कूल जींद में होंगे।

6.14 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार

कैथल। एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गांव कांगथली में भुना मोड़ से एक आरोपी को 6.14 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जसमेर सिंह की टीम को गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली कि मंजीत सिंह निवासी डेरा राय सिख, कांगथली हेरोइन बेचने का काम करता है और भुना मोड़ कांगथली पर नशीले पदार्थ सहित खड़ा है। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को दबिश देकर काबू किया।

नशीली गोलियां सप्लाई करने का आरोपी दबोचा

कैथल। 1350 प्रतिबंधित नशीली गोलियां सप्लाई करने के मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई गुरदान सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी गांव कोटली जिला पटियाला पंजाब निवासी तरनप्रीत सिंह उर्फ मोटा को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 6 अक्तूबर को सीआईए-1 पुलिस के एएसआई कमलजीत सिंह की टीम द्वारा गुहला से भाटियां रोड पर नाकाबंदी कर बाइक पर सवार आए गांव कलारां जिला पटियाला पंजाब निवासी संदीप कुमार व कुलदीप सिंह को काबू किया गया था।

ताला तोड़कर नकदी-फोन चोरी का आरोपी गिरफ्तार

कैथल। पूंडरी क्षेत्र में घर का ताला तोड़कर नकदी व 2 मोबाइल चोरी के मामले की जांच सीआईए कलायत प्रभारी एएसआई मनीष कुमार की अगुवाई में एएसआई मंजीत सिंह की टीम द्वारा आरोपी गांव फतेहपुर निवासी हरीश उर्फ रिंकू को काबू कर लिया पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव फतेहपुर निवासी मोहर सिंह व मलखान सिंह 3 जुलाई को परिवार सहित चंडीगढ़ गए थे। रात को वहीं रुकने से वे घर वापस नहीं आ सके। 4 जुलाई की सुबह घर लौटने पर उन्हें मुख्य गेट का ताला टूटा मिला।

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर ने नागरिक अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

इमरजेंसी में चिकित्सक नहीं मिले एप्रेन में, गलत रिपोर्ट देने पर दिखाया गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डिप्टी स्पीकर ने जहां मरीजों से बातचीत की वहीं अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं व उपचार के बारे में जानकारी हासिल की। डिप्टी स्पीकर ने स्पष्ट किया कि अस्पताल में उपचार को लेकर कई तरह की शिकायतें मिल रही थी। हर दिन लोग उनके पास आकर अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा किए जा रहे व्यवहार व उपचार को लेकर शिकायतें कर रहे थे। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सकों की शिकायतें ज्यादा थी। स्पष्ट किया कि मरीजों से दुर्व्यवहार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही किया जाएगा। इस मौके पर मेडिकल कालेज के डायरेक्टर, प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुबीर पूनिया, डिप्टी सिविल सर्जन डा. पालेराम कटारिया, डा. बिजेंद्र ढांडा, एमएस डा. अरविंद, डा. दिनेश गुप्ता, डिप्टी स्पीकर के पीएस मोहित शर्मा, मीडिया एडवाइजर सन्नी मग्गु भी मौजूद रहे। इमरजेंसी में चिकित्सकों के व्यवहार को लेकर डिप्टी स्पीकर के पास शिकायतें पहुंच रही थी। जिस पर उन्होंने सीएमओ कार्यालय से लेकर इमरजेंसी व नई बिल्डिंग तक का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी में तैनात चिकित्सकों की टोन मरीजों से सही नही है। इसके बाद नई बिल्डिंग से लेकर ब्लड बैंक, वार्डों में दाखिल मरीजों से भी बातचीत की और समस्याओं को सुना। डिप्टी स्पीकर अस्पताल परिसर में पहुंचे तो यहां पर उनको कर्मचारी सफाई करते मिले। उन्होंने कहा कि अब दो बजे सफाई कर रहे हैं, इससे पहले सफाई क्यों नही की। जिस पर सफाई कर्मचारी ने कहा कि प्रतिदिन इसी समय यहां मशीन से सफाई की जाती है। उसके जवाब से डिप्टी स्पीकर संतुष्ट नहीं हुए। चिकित्सकों से भी कहा कि डाक्टर साहब यदि मेरे आने से ही सफाई होती है तो वह प्रतिदिन एक बार आ जाएंगे।

लगातार मिल रही थी शिकायतें, इमरजेंसी चिकित्सकों की मरीजों से नहीं टोन ठीक



जींद। मरीजों से बातचीत करते डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा और मरीज को खुद व्हीलचेयर से लेकर जाते डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा। *फोटो :हरिभूमि*



संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए डाक्टर

डा. मिड्ढा को व्हीलचेयर पर एक मरीज मिला, उसको देखकर उन्होंने पूछा कि आपका इलाज हुआ या नहीं। मरीज ने कहा कि उसे खून चढ़ाया जाना है। चिकित्सक कभी उसको वहां तो कभी यहां भेज रहे हैं। इसके बाद डा. मिड्ढा खुद व्हील चेयर को धकेलते मरीज को लेकर इमरजेंसी वार्ड में पहुंचे और चिकित्सकों से इसका जवाब मांगा। यहां तैनात चिकित्सक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।

शौचालयों की हालत खराब

डिप्टी स्पीकर ने शौचालय का निरीक्षण किया। यहां की हालत ठीक नहीं मिली। इसके अलावा शौचालय के मुख्य गेट पर बने मेनहाल पर एक टुकड़ा पत्थर का ढका मिला। उन्होंने कहा कि शौचालय की इस प्रकार की हालत दयनीय है। इस पर चिकित्सकों ने जवाब दिया कि यहां से ढक्कन चोरी हो जाते हैं। डिप्टी स्पीकर बोले कि अस्पताल में सिक्योरिटी गार्ड क्या करते हैं। शौचालयों व मेनहाल ढक्कन की हालत देखकर डिप्टी स्पीकर ने नाराजगी व्यक्त की।

कारण बताओ नोटिस निकालने से कुछ नहीं होता

कुछ खिलाड़ी छात्राएं नागरिक अस्पताल में मेडिकल फिटनेस करवाने के लिए आई थी। यहां पर अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं होने के कारण उनको मेडिकल कालेज खानपुर रेफर किया गया था। नागरिक अस्पताल में जिन खिलाड़ी छात्राओं के एक्सरे किए गए, उन एक्सरे पर उनके नाम नहीं थे। इस कारण मेडिकल कालेज खानपुर से चिकित्सकों ने एक्सरे पर नाम नहीं होने के कारण उनको वापस भेज दिया। ऐसे में उन खिलाड़ी छात्राओं को काफी परेशानी हुई। इस पर डा. मिड्ढा ने कहा कि इतनी भारी गलती किसने की और क्यों की। इस पर सिविल सर्जन डा. सुमन ने कहा कि जिसने एक्सरे किए हैं, उसका पता करके नोटिस जारी किया जाएगा। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि इस प्रकार नोटिस निकालने से कुछ नहीं होता। सिविल सर्जन ने कहा कि उसे चार्जशीट किया जाएगा।

डॉक्टर रवैये को सुधारें

डा. कृष्ण मिड्ढा ने सिविल सर्जन समेत सभी चिकित्सकों अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए हैं। पहले की अपेक्षा अस्पताल में कुछ सुधार हुए हैं लेकिन अभी भी कुछ कमियां हैं। अस्पताल के लगातार निरीक्षण की जरूरत है। खासकर चिकित्सकों के व्यवहार को लेकर। अस्पताल में सफाई व्यवस्था को लेकर अभी भी कमियां हैं।

मरीज कैसे पहचानेंगे

डिप्टी स्पीकर ने इमरजेंसी वार्ड में चिकित्सक एप्रेन में नहीं मिलने पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि आपको मरीज कैसे पहचानेंगे कि आप डाक्टर हैं। इसके अलावा इमरजेंसी रजिस्टर्ड में तैनात चिकित्सक का नाम भी नहीं था। इस पर भी नाराज हुए। वहीं यहां एक मरीज का 14 घंटे बाद भी रुक्का पुलिस स्टेशन नहीं पहुंचने पर एसपी से बात की और तुरंत पुलिस कर्मी भेजकर घायलों के बयान दर्ज करने को कहा।

आपके खिलाफ कार्रवाई कर दूं तो आप कहां जाएंगे

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने 1 50 पर नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सफाई, चिकित्सकों का व्यवहार, समय पर उपचार नहीं मिलना जैसे मुद्दे हावी रहे। पिछले दिनों पालीक्लीनिक के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित चिकित्सकों की मिली रिपोर्ट को लेकर डा. मिड्ढा ने सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली से कहा कि उनको गलत रिपोर्ट दी गई। यदि मैं आपके खिलाफ कार्रवाई कर दूं तो आप कहां जाएंगे। इस पर चिकित्सक एक-दूसरे का मुंह देखने लगे।

दस करोड़ की प्रॉपर्टी हड़पने का आरोप

फैक्टरी तथा उसके संसाधनों को कब्जे में रखने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

फर्जी दस्तावेज तैयार कर लगभग दस करोड़ की चल व अचल संपत्ति हडपने पर उचाना थाना पुलिस शिकायत के आधार पर चार लोगों को नामजद कर कुछ अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव खटकड़ निवासी कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने वर्ष 2008 में टायल तथा ब्लॉक की कंपनी का काम शुरू किया था। जिसका कार्यालय उचाना पेट्रोल पंप पर था। उसने फर्म के नाम से बैंकों में खाते खुलवाए थे। संदलाना (हिसार) निवासी विरेंद्र उसकी फर्म का बिना रजिस्ट्रड पार्टनर रहा है। जो पंचायतों, सरकारी तथा गैर सरकारी महकमों में की डिलिंग करता था। उन्होंने वर्ष 2023 तक मिल कर फैक्टरी चलाई। आरोपित फर्म के खातों को भी आपरेट करता रहा। आरोपितों ने फर्म के खातों में आए रुपयो को निकलवा लिया। फर्म को बेचने के फर्जी दस्तावेज तैयार करवा लिए। छानबीन में सामने आया कि विरेंद्र तथा उसके भतीजे विजय ने झूठी पार्टनर डीड भी तैयार करवा ली। जिसमें उसके झूठे हस्ताक्षर किए गए थे। जिसको लेकर पंचायतें भी हुई। दो करोड़ 71 लाख रुपये विरेंद्र की तरफ निकले थे। आरोपितों ने सभी दस्तावेजों को अपने कब्जे में ले लिया। फैक्टरी के संसाधनों को भी अपने कब्जे में ले लिया।

मामले की जांच जारी

उचाना थाना के जांच अधिकारी सचिन ने बताया कि आरोप लगाते हुए शिकायत दी गई थी। फिलहाल केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

तीन बहनों के इकलौते भाई सहित दो की मौत

- चीका-पिहोवा रोड पर भागल गांव के पास बाइक को अज्ञात वाहन चालक ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल जिले में चीका-पिहोवा रोड पर भागल गांव के पास हुए एक सड़क हादसे में 2 चचेरे भाईयों की मौत हो गई। दोनों युवक बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। अज्ञात वाहन का ड्राइवर उन्हें टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। दोनों युवकों के शव पेट्रोल पंप के नजदीक सड़क पर पड़े मिले। मृतकों की पहचान 22 वर्षीय अजय और 18 वर्षीय संत कुमार निवासी गांव भागल के रूप में हुई है। हादसा रात करीब एक से 3 बजे के बीच हुआ। जैसे ही लोगों ने शवों को देखा तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां पोस्टमॉर्टम के बाद दोनों के शव परिजनों को सौंप दिए गए। युवकों के मौसेरे भाई अक्षय ने बताया कि इस हादसे ने 2 परिवारों को गहरा सदमा दिया है। संत कुमार 3 बहनों का इकलौता भाई था। करीब 2 महीने पहले ही उसके पिता का निधन हुआ था। वहीं, अजय की मां का भी करीब एक साल पहले निधन हो चुका था। दोनों युवक अविवाहित थे और आपस में चाचा-ताऊ के बेटे थे।

मामले की जांच जारी

गुहला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर शिव कुमार ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंचकर जांच कर रही है। हादसे का पता लगाने के लिए आसपास के क्षेत्र में लगे कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है और हादसे की वास्तविक वजह जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।

छत से गिरने पर युवक की मौत

कैथल। जिले में जाखौली अड्डा स्थित नई अनाज मंडी में दुकान की छत से गिरने स युवक की मौत हो गई। वह बिहार से मंडी में मजदूरी करने के लिए आया था और दुकान पर धान के सीजन में लगा हुआ था। दिन भर काम करने के बाद रात को छत पर जाकर सो गया और रात को ही अचानक छत से गिर गया। मृतक की पहचान बिहार के ढाका भंडारण, पूर्वी चंपारण निवासी 30 वर्षीय कमलेश कुमार के रूप में हुई है। सुबह लोगों ने जैसे ही शव को देखा तो तुरंत इसकी सूचना अनाज मंडी चौकी पुलिस को दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए कैथल के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया।

रिटायर्ड सीआरपीएफ जवान और पत्नी के बैंक खातों से 5.84 लाख निकाले

कैथल। साइबर ठगों ने बैंक कर्मचारी बनकर हरसौला निवासी रिटायर्ड सीआरपीएफ जवान और उसकी पत्नी के बैंक खातों से 5 लाख 84 हजार 991 रुपये निकाल लिए। आरोपियों ने व्हाट्सएप पर योनो एसबीआई पंजीकरण और कस्टमर सर्विस के नाम से एपीके फाइलें भेजकर दोनों के मोबाइल में इंस्टॉल करवाई थीं। इसके बाद ठगों ने खातों तक अवैध पहुंच बनाकर रकम दूसरे खातों में ट्रांसफर कर ली। साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में गांव हरसौला निवासी दिलबाग सिंह ने बताया कि पांच अक्तूबर को उसके व्हाट्सएप पर योनो एसबीआई कस्टमर सर्विस के नाम से संदेश आया था। जवाब देने पर एक व्यक्ति ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताया। बातचीत के दौरान उसने दिलबाग के मोबाइल पर दो एपीके फाइलें भेजीं, जिन्हें उसने बैंक का ऐप समझकर डाउनलोड कर लिया। आरोपी ने उसकी पत्नी शीला देवी के मोबाइल पर भी यही फाइलें भेजकर इंस्टॉल करवा दीं। शिकायत के अनुसार, छह अक्तूबर की रात 10:32 बजे दिलबाग के पंजाब नेशनल बैंक खाते से आरटीजीएस के जरिये 4 लाख 95 हजार रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दिए गए। इसके अगले दिन सुबह 7:29 बजे उसकी पत्नी के खाते से 89,991 रुपये निकाल लिए गए। बैंक के संदेश मिलने पर उन्हें ठगी का पता चला।

कपड़े की दुकान में लगी आग

दुकानदार को लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नरवाना के बीरबल नगर की मेन गली में स्थित एक कपड़े की दुकान में लगी आग जिसमें काफी नुक्सान हुआ। दुकान मालिक राजू सचदेवा ने बताया कि सुबह सवेरे वो दुकान पर आया तो सबकुछ ठीक ठाक था वो दुकान पर साफ सफाई कर घर चाय पानी के लिए चला गया और थोड़ी देर बाद पड़ोसी दुकान वाले का फोन आया उसने बताया कि उसकी दुल्हन से धुआं निकलता दिखाई दे रहा है वो एक दम दुकान पर पहुंचा तो उसने भी धुआं निकलता देखा तो उन्होंने फायर ब्रिगेड को फोन किया, कुछ देर बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी आयी तो उसने आग पर बड़ी मशक्कत से काबू पाया और दुकान का शटर तोड़ कर देखा तो दुकान का सामान राख के ढेर में तब्दील हो चुका था सिर्फ धुआं ही धुआं दिखाई दे रहा था। हजारों रुपए का सामान राख का रूप ले चुका था।आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका है लेकिन यही कहा जा रहा है कि बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगी होगी।





मर्चेंट नाविक को लगाया 8 लाख रुपये का चूना

- शादी का दिया झांसा, मिलने के नाम पर चली बात ने फोड़ दिया भंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मर्चेंट नाविक को लड़के ने लड़की बन कर बातचीत की और शादी के सपने दिखा कर आठ लाख का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत पर धोखाधडी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बुढाखेड़ा निवासी सचिन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मर्चेंट नेवी में एबी के पद पर कार्यरत है। 26 फरवरी का वह नौकरी पर दुबई चला गया था। उस दौरान स्नैप चैट पर डा. कोमल नाम की लड़की से चैट होने लगी। जिसके बाद उसकी दोस्ती हो गई। फिर व्हाट्सअप पर बातचीत होने लगी। बात शादी करने तक जा पहुंची। कोमल द्वारा दिए गए स्कैनर से वह जरूरत के हिसाब से रुपये डाल देता था। गत अगस्त महीने तक वह आठ लाख रुपये स्कैनर से भेज चुका था। जिसके बाद 27 अगस्त को वह अपने घर लौट आया। जब उसने कोमल से मिलने के लिए बातचीत की तो उसने मना कर दिया। जब उसने जांच की तो वह डा. कोमल न होकर गौच्छी जिला झज्जर निवासी साहिल निकला।

सहायक प्रोफेसर से अब बनेंगे अधिकारी, बेटे की सफलता पर परिवार में खुशी का माहौल

बुडायन के रजत ने एचपीएससी परीक्षा में पाया 15वां रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के दम पर बुडायन गांव के बेटे रजत कंदौला ने हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) की परीक्षा में 15वां रैंक हासिल कर परिवार और गांव का नाम रोशन किया है। रजत कंदौला फिलहाल मोरनी कॉलेज में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। रजत कंदौला की सफलता के पीछे परिवार का संघर्ष और शिक्षा के प्रति समर्पण भी जुड़ा है। बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से उनके पिता शक्ति सिंह वर्ष 2006 में गांव से जींद आ गए थे। शक्ति सिंह किसान हैं, जबकि उनकी मां कुसुम गृहिणी हैं। परिवार ने बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता दी, जिसका परिणाम आज रजत की उपलब्धि के रूप में सामने आया है। पिता शक्ति सिंह ने बताया कि उनके तीन बच्चों में रजत बीच का है। बड़ी बेटी प्रिया शादीशुदा हैं और दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर में सीनियर फैकल्टी के रूप में कार्यरत हैं। छोटी बेटी रिया राजस्थान के वनस्थली से पीएचडी कर रही हैं। रजत का चयन इसी वर्ष मई में कॉलेज कैडर में सहायक प्रोफेसर के पद पर हुआ था। वर्तमान में वह पंचकूला जिले के मोरनी कॉलेज में तैनात हैं। रजत ने दसवीं तक की पढ़ाई राई स्पोर्ट्स स्कूल से की। इसके बाद जींद के मोती लाल स्कूल से 12वीं की और फरीदाबाद से बीटेक की पढ़ाई पूरी की। आगे उन्होंने दिल्ली में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) से राजनीति विज्ञान में एमए किया। पिता ने बताया कि रजत इससे पहले एक बार यूपीएससी और एक बार एचपीएससी के इंटरव्यू में भी शामिल हो चुके हैं। इस बार उन्होंने एचपीएससी परीक्षा में 15वां रैंक हासिल कर सफलता प्राप्त की। रजत की सफलता से उनकी मां कुसुम बेहद खुश हैं। उन्होंने बताया कि बेटे को घर का सादा खाना पसंद है। हालांकि, चूरमा और मूली के परांठे उसके सबसे पसंदीदा व्यंजन हैं। बेटे के घर आने पर वह उसके लिए मनपसंद चूरमा बनाएंगी।



इन्होंने दी बधाई

वीरवार रात रजत ने अपने पिता को फोन कर चयन की जानकारी दी। इसके बाद पूरे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। रजत की यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणादायक है और यह संदेश देती है कि निरंतर मेहनत, धैर्य और परिवार के सहयोग से लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। भाजपा नेता संदीप चहल, मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने रजत के निवास पहुंच कर पिता शक्ति कंदौला का मुंह मीठा करवा बधाई दी।



पूंडरी। बिजली कार्यलय परिसर में नारेबाजी करते बिजली कर्मचारी।

नाजायज तबादलों के विरोध में धरना-प्रदर्शन जारी

पूंडरी। एचएसईबी वर्कर यूनियन हेड ऑफिस भिवानी रजिस्ट्रेशन नं.292 की सभी सब-यूनिटों ने यूनिट पूंडरी के आह्वान पर डिवीजन परिसर में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक सुनील जेई एवं नरेश जेई के कथित नाजायज तबादलों के विरोध में कार्य स्थगित करके सातवें दिन भी धरना-प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता यूनिट पूंडरी के मुख्य संगठनकर्ता हरीकिशन ने की तथा मंच का संचालन सब-यूनिट का मुख्य उद्देश्य विधायक सतपाल जांबा द्वारा विभागीय नियमों के विरुद्ध कथित रूप से दबाव बनाकर कार्य करवाने की नीति का विरोध करना है, जो निगम के नियमों के खिलाफ है। यूनिट पूंडरी के मुख्य संगठनकर्ता हरीकिशन ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि विधायक पूंडरी एवं निगम प्रशासन अपनी हठधर्मिता और मनमाने रवैये पर अड़े हुए हैं। इन कथित नाजायज तबादलों के कारण यूनियन के सभी कर्मचारियों में भारी रोष है।

खबर संक्षेप

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को जागरूक किया

जींद। त्योहारी सीजन में साइबर ठगी की आशंका को देखते जीआरपी ने रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को जागरूक किया। इस दौरान यात्रियों को साइबर अपराध के तरीकों की जानकारी देते सावधानी बरतने की अपील की गई। उप निरीक्षक बलवान सिंह ने कहा कि त्योहारों के दौरान साइबर ठग लोगों को आकर्षक ऑफर, इनाम और सस्ते टिकट का लालच देकर ठगी का शिकार बना सकते हैं। यात्रियों समझाया कि अनजान नंबर से आने वाले फोन, संदेश और लिंक पर भरोसा नहीं करें।

गोकुल सेतिया को लेकर कांग्रेस ने उठाए सवाल

उचाना। युवा कांग्रेस नेता राममेहर दनौदा ने कहा कि गोकुल सेतिया को खुद को बड़ा नेता बनाने की कोशिश करने के बजाय पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और उनके योगदान को समझना चाहिए। चौधरी बीरेंद्र सिंह ने लंबे समय तक कांग्रेस पार्टी की सेवा की और पार्टी को मजबूत करने में भूमिका निभाई। पार्टी की ओर से चौधरी बीरेंद्र सिंह को सिरसा की जिम्मेदारी दी गई थी और इसी जिम्मेदारी को निभाने के लिए वह सिरसा पहुंचे थे। दनौदा ने कहा कि यदि गोकुल सेतिया कांग्रेस के प्रति जिम्मेदारी -निष्ठा दिखाना चाहते थे तो उन्हें भी सिरसा पहुंचकर पार्टी की गतिविधियों में भाग लेना चाहिए था।

सीवरेज ओवरफ्लो से छात्रों को रही परेशानी

जींद। शहर के विजय नगर में होली हार्ट स्कूल के पास गली में सीवरेज ओवरफ्लो होने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सीवरेज का गंदा पानी गली में फैलने के कारण यहां से गुजरना मुश्किल हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों को उठानी पड़ रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि समस्या लंबे समय से बनी हुई है लेकिन शिकायत करने के बावजूद इसका स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। कालोनीवासियों ने बताया कि गली में सीवरेज ओवरफ्लो होने से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक को किया याद

जींद। बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक सोहब कांशीराम की 20 वीं पुण्यतिथि पर बीएसपी हरियाणा के तत्वावधान में शुक्रवार को सफीदों रोड स्थित निजी होटल में भावभीनी श्रद्धांजलि एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि बीएसपी के राज्यसभा सांसद रामजी गौतम, वशिष्ठ अतिथि जोन प्रभारी महेंद्र सिंह , एडवोकेट नेतराम, महेंद्र जजोरिया रहे जबकि अध्यक्षता बीएसपी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. कृष्ण जमालपुर ने की।

लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश

जींद। जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची से जुड़े लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नोटिस एवं सुनवाई से जुड़े प्रत्येक मामले की नियमित समीक्षा कर निर्धारित समयसीमा में निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रक्रिया के दौरान पात्र मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और उनके नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए निर्धारित प्रक्रिया समय पर पूरी की जाए।

अस्मिता रग्बी सिटी लीग में बेटियों ने दिखाया दम

जींद। लड़कियों को खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और उनकी प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से शुक्रवार को जींद के आधारशिला पब्लिक स्कूल में अस्मिता रग्बी सिटी लीग का आयोजन किया गया। भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले की 10 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी देवी ने किया। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता उप जिला शिक्षा अधिकारी पुष्पा मोर ने की। स्कूल की निदेशक अंजू सिहाग ने अतिथियों का स्वागत कर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री की वीसी समीक्षा के बाद डीसी ने दिए निर्देश

लंबित मामलों की व्यक्तिगत समीक्षा करें अधिकारी: शर्मा

तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें

समस्याओं का स्थायी निस्तारण करें अधिकारी : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

समाधान शिविरों और सीएम विंडो पर एक ही समस्या की बार.बार शिकायत मिलने को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे शिकायतों को केवल पोर्टल पर निपटान दिखा कर बंद नहीं करें बल्कि समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करें। विशेष रूप से दोबारा खुलने वाली शिकायतों के कारणों की जांच कर यह पता लगाया जाए कि समस्या का समाधान अधूरा क्यों रहा या कार्रवाई की रिपोर्ट में आवश्यक जानकारी क्यों नहीं दी गई। शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों को निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निवारण का माध्यम हैं। इनका उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना या पोर्टल पर उनका निपटान दर्ज करना नही बल्कि शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत दिलाना है। सभी विभागाध्यक्ष अपने विभाग से संबंधित लंबित शिकायतों की व्यक्तिगत समीक्षा करें और निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित कर उसकी समस्या को समझें और कार्रवाई पूरी होने के बाद उसकी संतुष्टि का भी ध्यान रखें। नागरिकों को एक ही समस्या के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ेंए इसके लिए अधिकारियों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ काम करना होगा।



जींद। मीटिंग लेते डीसी डॉ. वैशाली शर्मा। *फोटो :हरिभूमि*

विभागवार समीक्षा के निर्देश

उपायुक्त ने सभी विभागों को अपने यहां लंबित शिकायतों का विभागवार आंकलन करने के निर्देश दिए। आवश्यकता के अनुसार संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर शिकायतों की स्थिति की समीक्षा की जाए। उपायुक्त के अनुसार जिले में समाधान शिविरों के माध्यम से अब तक कुल 11616 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से 9142 शिकायतों के निस्तारण की जानकारी दी गई है। उन्होंने शेष मामलों में नियमानुसार कार्रवाई कर पात्र शिकायतकर्ताओं को जल्द राहत देने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम सत्यवान मान, जिला नगर आयुक्त अनिल कुमार दूल, नगराधीश मोनिका रानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

अनावश्यक देरी से बचने के निर्देश

इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों और उनके निस्तारण की समीक्षा की। उन्होंने सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिए कि आमजन से जुड़ी मूलभूत समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए। मुख्यमंत्री की समीक्षा के बाद उपायुक्त ने विभागाध्यक्षों को लंबित शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने और अनावश्यक देरी से बचने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि किसी शिकायत का बार-बार खुलना इस बात का संकेत हो सकता है कि समस्या का पूरी तरह समाधान नहीं हुआ या पोर्टल पर दर्ज कार्रवाई की जानकारी स्पष्ट नहीं है। इसलिए अधिकारी ऐसी शिकायतों को दोबारा बंद करने की औपचारिकता तक सीमित न रखें। उनके पुनः खुलने के वास्तविक कारणों की जांच कर कमियों को दूर किया जाए।

गांवों में सफाई व्यवस्था की होगी समीक्षा

■ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की बैठक में वाइस चेयरमैन ने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। मीटिंग लेते वाइस चेयरमैन रवीन्द्र जागलान। *फोटो :हरिभूमि*

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए संबंधित विभागों को आपसी तालमेल के साथ काम करना होगा। गांवों में गलियों और सड़कों की नियमित सफाई, स्कूलों में शौचालयों का उचित रखरखाव और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। यह निर्देश शुक्रवार को एडीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित बैठक में हरियाणा राज्य स्तरीय टास्क फोर्स स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के वाइस चेयरमैन रवीन्द्र जागलान ने अधिकारियों को दिए। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने और स्वच्छ भारत मिशन के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई। रवीन्द्र जागलान ने कहा कि गांवों में स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए संबंधित विभाग अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएं। स्वच्छता से जुड़े कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएवाइस चेयरमैन ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालयों में शौचालयों की उपलब्धता के साथ नियमित साफ-सफाई और उचित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। विद्यार्थियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध करवाना जरूरी है।



जींद। बैठक को संबोधित करते कर्मचारी नेता। *फोटो :हरिभूमि*

केंद्र सरकार निजीकरण की नीतियों को दे रही बढ़ावा

जींद। केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ ने कर्मचारियों के मुद्दों व नीजिकरण नीतियों के खिलाफ बिगुल बजा दिया है। इसी आह्वान पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला जींद की विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक स्थानीय पटवार भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान संजीव ढांडा ने की संचालन सचिव सन्नी सिंह ने किया। बैठक में सभी विभागों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य कैशियर सुरेंद्र यादव ने कहा कि केंद्र सरकार आम जनता के टैक्स के पैसे से खड़े किए गए सार्वजनिक विभागों को अपने चेहते पूंजीपतियों को कोडियों के दामों में बेचने का काम कर रही है। केंद्र सरकार लगातार पीपीपी और निजीकरण की नीतियों को बढ़ावा दे रही है। कर्मचारी मुद्दों पर सरकार कोई भी समाधान करने को तैयार नहीं है। सरकार की नीतियों से आज किसान, छात्र, कर्मचारी, मजदूर, व्यापारी तमाम वर्ग तंग आ चुका है। जिसके कारण रोजाना जंतर-मंतर दिल्ली पर बड़े-बड़े प्रदर्शन हो रहे हैं।

उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं होंगी सम्मानित

जींद। विश्व महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से इसके लिए विभिन्न पुरस्कारों के तहत पात्र महिलाओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक महिलाएं पांच नवंबर तक विभाग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। डाक, कोरियर या ऑफलाइन माध्यम से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि महिलाओं की उपलब्धियोंए साहसए सामाजिक और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ये पुरस्कार दिए जाएंगे। इनके माध्यम से समाज में महिलाओं की भागीदारी योगदान को पहचान प्रदान की जाएगी।

मानसिक स्वास्थ्य संपूर्ण विकास का अभिन्न अंग

जींद। संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय कालेज में प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता और मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यबल तथा मनोविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में तनाव से सामश्य की ओर मानसिक स्वास्थ्य के माध्यम से महिला सशक्तिकरण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में कुविवि के मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो डा. हरदीप लाल जोशी ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच तथा महिलाओं के भावनात्मक कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार सांझा किए। बताया कि मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति के संपूर्ण विकास का अभिन्न अंग है। कार्यशाला में डा. चंचल शर्मा, डा. निशा, डा. सविता दूहन, डा. ज्योति लाडवाल सहित कालेज के अन्य प्राध्यापक भी उपस्थित रहे।



जींद। कार्यशाला में भाग लेते प्राध्यापक व छात्र। *फोटो :हरिभूमि*



जींद। नगूरां गांव में लाभार्थी के घर मरीज की जांच करती डा. दीक्षा।

लाभार्थियों के घर जाकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की

जींद। सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली के निर्देशानुसार एवं स्वास्थ्य विभाग हरियाणा द्वारा संचालित प्रशामक देखभाल (पैलीएटिव केयर) कार्यक्रम के अंतर्गत चिकित्सा अधिकारी डा. दीक्षा द्वारा गांव नगूरां में लाभार्थियों के घर जाकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। गृह भ्रमण के दौरान लाभार्थियों की स्वास्थ्य स्थिति का आंकलन किया गया तथा उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार संबंधी जानकारी प्रदान की । साथ ही उनके परिजनों को मरीजों की दैनिक देखभाल, संतुलित आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता, दवाइयों के नियमित सेवन तथा मानसिक एवं सामाजिक सहयोग के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। डा. दीक्षा ने बताया कि प्रशामक देखभाल कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गंभीर, दीर्घकालिक एवं असाध्य रोगों से ग्रसित मरीजों को उनके घर पर ही समुचित स्वास्थ्य सेवाएं एवं परामर्श उपलब्ध करवाना है ताकि उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया जा सके।

स्वरोजगार स्थापित करने के लिए किया प्रेरित

नरवाना। राजीव गांधी सनातन धर्म सह-शिक्षा महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्टार्टअप जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया । कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमशीलता की भावना विकसित करना तथा उन्हें स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित करना था। इसमें बी.कॉम प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते नवाचारी व्यावसायिक विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान 12 विद्यार्थियों ने बिजनेस आइडिया लिखकर कॉमर्स प्रवक्ता वर्षा यादव को प्रस्तुत किए। अंजली ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जूट एवं कपड़े के पर्यावरण अनुकूल बैग के व्यवसाय के बारे में बताया। दिव्यांशी ने परिणाम आधारित शिक्षा, शिक्षण एवं कौशल विकास से जुड़े विचार साझा किए। आकाश ने ऑनलाइन शॉपिंग स्टोर शुरू करने का सुझाव दिया।



नरवाना। विधार्थियों ने अपने अपने विचार साझा किए। *फोटो :हरिभूमि*



जींद। जागरूकता अभियान चलाए हुए स्वास्थ्य कर्मी। *फोटो :हरिभूमि*

श्वसन संबंधी संक्रमणों के प्रति सतर्क रहना जरूरी

जींद। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत गांव जुलानी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा रैपिड फीवर मास सर्वे एवं जनजागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मच्छरजनित बीमारियों के साथ-साथ स्वाइन फ्लू से बचाव के उपायों की जानकारी दी। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि मौसम में बदलाव के दौरान बुखार और श्वसन संबंधी संक्रमणों के प्रति सतर्क रहना जरूरी है। स्वाइन फ्लू से बचाव के लिए खांसते या छींकते समय मुंह व नाक को ढकना, साबुन से नियमित हाथ धोना तथा खांसी, बुखार और गले में खराश जैसे लक्षण होने पर चिकित्सकीय सलाह लेना आवश्यक है। सांस लेने में परेशानी होने पर तुरंत चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए। अभियान के दौरान पवन श्योकंद, बिमला, पूनम, सुशील शर्मा, पवन कुमार एवं जयवीर नेहरा ने घर-घर जाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जानकारी ली।



नरवाना। विधार्थियों को संबोधित करते ब्रह्मकुमारी। *फोटो :हरिभूमि*

नशे से तन-मन और धन तीनों का हो रहा विनाश

नरवाना। राजकीय महाविद्यालय नरवाना में नशा मुक्ति जागृति अभियान के अंतर्गत व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया । मुख्य वक्तागण पूजा ब्रह्माकुमारी ने विद्यार्थियों को नशे के कारण, लक्षण और प्रभावों से अवगत कराते हुए कहा कि युवा और किशोरावस्था में शोक , दिखावा एवं तनाव का कारण नशा करते हैं। महिलाओं में भी नशा प्रवृत्ति बढ़ रही है। नशा मन, मस्तिष्क , बुद्धि और शरीर को कमजोर करता है। इससे तन,मन, धन तीनों का विनाश हो रहा है। समाज में सामाजिक अपराध प्रवृति बढबो का मूल कारण नशा है। बढ़ती मोबाइल की लत के दुष्प्रभाव से अवगत कराते कहा कि इसमें विद्यार्थियों का बहुत ज्यादा समय बर्बाद हो रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम संचालक जयपाल सिंह आर्य ने कहा शराब एवं सुख नशा स्मैक, मॉर्फिन, तम्बाकू, हीरोइन,अफीम इत्यादि के नशे से फेफड़ों के कैंसर के साथ मधुमेह, हृदय, पक्षाघात जैसी घातक बीमारियां दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। शराब ने समाज के बड़े भाग को बर्बाद कर दिया है। कार्यक्रम में दलबीर सिंह ब्रह्म कुमार, सुभाष चंद्र के साथ सह प्राध्यापिका कनिका, डॉ सुमन, शैलेंद्र नैन एवं अन्य स्टाफ सदस्यों का सहयोग रहा।

स्मृति ईरानी को हरियाणा का प्रभारी बनाकर भाजपा ने दिया महिला हितैषी होने का प्रमाण : डॉ. पुष्पा तायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



भाजपा जिला जींद की महामंत्री डा. पुष्पा तायल ने कहा कि भाजपा महिलाओं को राजनीति में आगे बढ़ाने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। स्मृति ईरानी को हरियाणा का प्रभारी नियुक्त करना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कहा कि भाजपा महिलाओं को संगठन और सरकार में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देकर उनकी भागीदारी सुनिश्चित कर रही है। डा. पुष्पा ने कहा कि भाजपा ने पहले प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी एक महिला को सौंप कर महिला नेतृत्व को आगे बढ़ाने का संदेश दिया और अब स्मृति ईरानी को हरियाणा का प्रभारी नियुक्त करके महिला शक्ति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी महिलाओं को देश की राजनीति में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जहां अन्य राजनीतिक दलों में महिला कार्यकर्ताओं के सम्मान को लेकर सवाल उठते हैं, वहीं भाजपा महिलाओं को सम्मान देने और उन्हें नेतृत्व के अवसर उपलब्ध कराने का काम करती है। महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के लिए पंचायतों से लेकर विधानसभा और लोकसभा तक आरक्षण की व्यवस्था को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर मिला है। डा. तायल ने कहा कि भाजपा महिलाओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियों के साथ-साथ सरकार में भी महत्वपूर्ण पदों पर अवसर प्रदान कर रही है।



विधार्थियों को ब्लड डोनेशन प्रशंशा पत्र देते प्राचार्य एवं रक्तदान करते विधार्थी।

नरवाना: शिविर में पचास यूनिट रक्त एकत्रित किया

नरवाना। राजीव गांधी राजकीय बहु तकनीक संस्थान में सेवा संकल्प अभियान के तहत एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विधार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया जिसमें 50 यूनिट रक्त इक्कठा किया गया। नागरिक अस्पताल नरवाना के डाक्टर मोहित मित्तल की टीम राजीव गांधी बहु तकनीक संस्थान पहुंची और रक्तदान शिविर का बहुत ही सोहार्द पूर्वक माहौल में आयोजन किया और बहु तकनीक संस्थान के प्रिंसिपल जसवंत सिंह एवं स्टाफ सदस्यों ने पूर्ण सहयोग देकर शिविर को शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करवाया। प्रिंसिपल जसवंत सिंह यशवंत ने बच्चों के लिए रिफ्रेशमेंट का उचित प्रबंध किया, और रक्तदाताओं के ब्लड डोनेशन प्रशंशा पत्र देकर सम्मानित किया। डा. मोहित मित्तल ने बताया कि कोई भी व्यक्ति तीन महीने बाद रक्तदान कर सकता है।

हिंदू कन्या महाविद्यालय में स्टार्टअप, नेशन फर्स्ट पर व्याख्यान का आयोजन

नौकरी मांगने के बजाय देने वाला बनें : डॉ. पूनम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत स्टार्टअप, नेशन फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज पर व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन एंटरप्रेन्योरशिप डिवलप्मेंट सेल द्वारा छात्राओं के बीच उद्यमिता, स्टार्टअप, नवाचार और स्वरोजगार के अवसरों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए किया था। प्राचार्या डा. पूनम मोर ने इस पहल की सराहना की और युवा महिलाओं को सशक्त बनाने में उद्यमिता जागरूकता के महत्व पर जोर दिया। कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं में नेतृत्व गुण, निर्णय लेने की क्षमता, रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता विकसित करने में मदद करते हैं। उन्होंने छात्राओं को उभरते अवसरों की तलाश करने और अपने स्वयं के उद्यम स्थापित करने की दिशा में काम करने के लिए भी प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होंने आने वाले समय में नौकरी मांगने वाले के बजाय नौकरी देने वाला बनने के महत्व पर जोर दिया। हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद के वाणिज्य विभाग में सहायक प्राध्यापिका कीर्ति बंसल ने इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई। उन्होंने छात्राओं को स्टार्ट अप की अवधारणा, उद्यमिता के महत्व और अभिनव विचारों को सफल व्यावसायिक उद्यमों में बदलने की प्रक्रिया से अवगत कराया। छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने रचनात्मकता, नवाचार, आत्मविश्वास और सोचे, समझे जोखिम लेने की इच्छा पर बल दिया, जो सफल उद्यमियों के लिए आवश्यक गुण हैं। उन्होंने छात्राओं को पारंपरिक रोजगार के अवसरों से आगे सोचने और नौकरी प्रदाता बनने के रास्ते तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बाजार की जरूरतों की पहचान करने, उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने और समकालीन चुनौतियों के व्यावहारिक समाधान विकसित करने के महत्व को भी रेखांकित किया। मुख्य वक्ता ने राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण में योगदान देने में युवा उद्यमियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को उद्यमिता कौशल विकसित करने, नवीन विचारों को पोषित करने और ऐसी पहल करने के लिए प्रेरित किया जो सामाजिक और आर्थिक विकास में योगदान दे सकें। यह कार्यक्रम एंटरप्रेन्योरशिप डेवलप्मेंट सेल की प्रभारी डा. प्रियंका साहनी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। इस व्याख्यान ने छात्राओं को स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) के बारे में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की।



जींद। छात्राओं को संबोधित करती कीर्ति बंसल। *फोटो :हरिभूमि*



इस्माइलपुर में प्रारंभ किया निःशुल्क शिक्षा केंद्र

नरवाना। भारत विकास परिषद केशव शाखा नरवाना द्वारा सेवा एवं संस्कार के क्षेत्र में एक और सराहनीय पहल करते इस्माइलपुर में गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस केंद्र के माध्यम से लगभग 22 जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध करवाने की व्यवस्था परिषद परिवार द्वारा की है। केंद्र के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्रीय संयोजक सेवा सुरेश मित्तल, प्रांतीय गतिविधि संयोजक संस्कार संजय चौधरी, शाखा संरक्षक सतीश सेतिया, शाखा अध्यक्ष प्रदीप कुमार गर्ग, सेवा गतिविधि संयोजक पवन सिंगला, शाखा सचिव नत्थुराम गोयल, शाखा कोषाध्यक्ष अभिनव गुप्ता, राहुल सिंगला सहित परिषद परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर परिषद पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार* है। आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा के अवसर उपलब्ध करवाना समाज के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस निशुल्क शिक्षा केंद्र के संचालन की जिम्मेदारी शिक्षिका मीनू कुमारी द्वारा संभाली जा रही है।

खबर संक्षेप

प्रॉपर्टी में कीला नंबर अवश्य दर्ज करवाएं

गुहला चीका। नायब तहसीलदार बलराज मलिक ने नगरपालिका क्षेत्र में स्थित भूमि एवं प्लॉटों की रजिस्ट्री करवाने वाले नागरिकों से अपील की है कि रजिस्ट्री के लिए नगरपालिका द्वारा जारी की जाने वाली प्रॉपर्टी आईडी एवं एनडीसी में संबंधित भूमि का मुरब्बा नंबर एवं किला नंबर स्पष्ट रूप से दर्ज करवाना सुनिश्चित करें। नायब तहसीलदार ने बताया कि कई मामलों में नगरपालिका द्वारा जारी प्रॉपर्टी आईडी अथवा एनडीसी में केवल प्रॉपर्टी या प्लॉट का विवरण दर्ज होता है, जबकि संबंधित भूमि का मुरब्बा एवं किला नंबर अंकित नहीं होता। ऐसी स्थिति में राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर सुनिश्चित करने में कठिनाई होती है कि संबंधित भूमि अनुमोदित क्षेत्र में आती है या अनधिकृत/अनुमोदित क्षेत्र से बाहर है।

कैथल में धान की खरीद ने पकड़ी रफ्तार

कैथल। जिले की विभिन्न अनाज मंडियों में धान की आवक और खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। जिला प्रशासन की निगरानी में सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार धान की खरीद की जा रही है। 8 अक्टूबर तक जिले की मंडियों में कुल 1,59,118 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। डीसी अपराजिता खरीद प्रक्रिया पर लगातार नजर रख रही हैं और संबंधित खरीद एजेंसियों व मंडी सचिवों से नियमित रूप से अपडेट ले रही हैं। वीरवार को उन्होंने विभिन्न मंडियों का दौरा किया था और अधिकारियों को निर्देश दिए।

एमएसपी से कम रेट में धान खरीदने पर जताया रोष

भाकियू ने मार्केट कमेटी व मंडी गेट पर लगाया ताला

आरोप : यूपी से धान के भरे ट्रक आने का भाकियू करेगी कड़ा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड



ढांढ। किसान नेता राजीव आर्य, भूरा राम पबनावा व किसान कमेटी के बाहर तालाबंदी कर रोष जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष राजीव आर्य ढांड के नेतृत्व में किसानों का गुस्सा आज उस समय फूट पड़ा जब किसानों की धान की एमएसपी से कम भाव पर बिक रही थी। गुस्साएं किसानों ने मार्कीट कमेटी कार्यालय के प्रमुख गेट की तालाबंदी कर दी और सरकार व अधिकारियों के खिलाफ रोष जताया। करीब 30 मिनट तक कोई भी अधिकारी मौके पर न पहुंचने के कारण किसानों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और मंडी के मुख्य गेट पर भी ताला जड़ दिया गया। किसानों के बढ़ते आक्रोश की सूचना मिलते ही ढांड थाना प्रभारी बहादुर सिंह,मार्कीट कमेटी सचिव लव गुप्ता व खरीद एजेंसी अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत कर 17 प्रतिशत नमी वाली धान एमएसपी पर खरीद करने सहित एक राइस मिल में यूपी से भरे ट्रक की शिकायत सहित अन्य उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार रूप से अवगत करवाया और समस्याओं का हल करने का आश्वासन दिया। किसानों ने कमेटी के गेट के बाहर धरना देकर जमकर नारेबाजी कर रोष जताया। किसान नेता राजीव आर्य ढांड व भूरा राम पबनावा ने दो टूक शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि अगर नमी की आड़ में किसानों की फसलों पर कट लगाकर एमएसपी से कम भाव पर खरीदी गई तो भाकियू सडक़ों पर उतर आऐगी और इसके साथ यूपी से धान से भरे आने वाले ट्रकों के साथ धान मंगवाने वाले मिलरों पर भी कड़ी कार्रवाई हो। इस मौके पर किसान नेता राजीव आर्य ढांड व भाकियू प्रदेश महासचिव भूरा राम पबनावा ने आरोप लगाया कि एक तरफ किसानों को गेट पास और अन्य नियमों के नाम पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ बाहरी राज्यों से धान की गाडिय़ां राइस मिलों तक पहुंचने की खबरें सामने आ रही हैं। यदि नियमों का पालन सभी के लिए समान रूप से होना है, तो स्थानीय किसानों को ही बार-बार प्रक्रियाओं में क्यों उलझाया जा रहा है?। उन्होंने आरोप लगाया कि कस्बे में एक राइस मिल में उत्तर प्रदेश से धान से भरा ट्रक पहुंचा है और यह मामला गंभीर चिंता का विषय है। जब प्रशासन की ओर से बाहरी राज्यों से धान की आवक रोकने के लिए सख्ती बरतने के दावे किए जा रहे हैं, तो फिर यूपी से धान से भरे ट्रक ढांड तक कैसे पहुंच रहे हैं? यह प्रशासनिक निगरानी पर सवाल खड़े करता है। दोनों किसान नेताओं ने कहा कि जब मंडी में फसल लेकर आ रहे किसानों और आढ़तियों पर नियमों का पालन करने का दबाव है, तो बाहरी राज्यों से आने वाले धान पर भी उतनी ही सख्ती क्यों नहीं होनी चाहिए? प्रशासन को इस मामले में स्पष्ट जवाब देना चाहिए और नियमों का समान रूप से पालन सुनिश्चित करना चाहिए।

कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति

किसान नेता राजीव आर्य ढांड ने कहा कि इस मामले में कमेटी सचिव को भी सूचना दी गई, लेकिन कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति करके विभाग ने पल्ला झाड लिया। किसान अपनी फसले बेचने के लिए अधिकारियों के आगे पीछे चक्कर काट रहे है, लेकिन नमी के नाम पर किसानों को निरंतर प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खरीद के नाम पर किसानों को किसी भी सूरत में लूटने नहीं दिया जाऐगा और लूट करने वाले अधिकारियों व मिलरों के खिलाफ भाकियू आंदोलन करेगी और ऐसे लोगों की सूचि बनाकर सरकार को कार्रवाई के लिए भेजी जाएगी।

विधायक आदित्य सुरजेवाला ने किया पूंडरी अनाज मंडी का दौरा

- कहा- पैदावार पर पाबंदी, कटाई पर कर्फ्यू, बिक्री पर बेड़ी और एमएसपी पर तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुंडरी



पूंडरी। विधायक आदित्य सुरजेवाला द्वारा ड्रोन से ली गई मंडी की स्थिति पर तस्वीर।

धान सीजन में पूंडरी, कैथल और हरियाणा की मंडियों में किसानों, मजदूरों और आढ़तियों को भाजपा सरकार के क्रूर शासन से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कैथल से विधायक आदित्य सुरजेवाला ने पूंडरी अनाज मंडी का दौरा कर मौके पर हालात का जायजा लिया। उन्होंने किसानों, मजदूरों और आढ़तियों से उनकी समस्याओं को विस्तार से जाना। पूंडरी अनाज मंडी में जगह की कमी इतनी गंभीर हो गई है कि धान पूंडरी-पाई मुख्य सड़क पर उतारना पड़ रहा है। डेढ़ किलोमीटर तक सड़क वन-वे बन गई है। खरीद के नाम पर ₹200-300 प्रति क्विंटल की अवैध कटौती हो रही है। गुस्से में किसानों ने पूंडरी में हैफेड दफ्तर और कैथल, सफीदों, जगधारी में मार्केट कमेटी दफ्तरों पर ताले लगा दिए। आढ़ती हड़ताल पर हैं—उठान नहीं तो खरीद नहीं। राजौंद में किसानों ने हाईवे जाम कर दिया। कैथल जिले में आवक 2.41 लाख टन, खरीद 1.25 लाख टन और उठान महज 27 हजार टन है। यानी खरीदे गए हर 5 बोरी में से 4 अभी भी मंडी में पड़े हैं।

फसल खरीदने का दावा खोखला: माजरा

कैथल। इंडियन नेशनल लोकदल के युवा नेता अमनदीप माजरा ने हरियाणा की मंडियों में धान की धीमी खरीद, उठान में देरी और किसानों को हो रही परेशानी को लेकर भाजपा सरकार पर कड़ा हमला बोला व कलायत की अनाज मंडी के सचिव को राज्यपाल ने नाम विज्ञापन दिया उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को दो दर्जन फसलों पर एमएसपी देने का दावा करती है, लेकिन जमीन पर किसान अपनी धान की फसल बेचने के लिए मंडियों में इंतजार करने को मजबूर हैं। माजरा ने कहा कि बीजेपी सरकार का किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदने का दावा पूरी तरह से खोखला साबित हुआ है।

न्यूज डायरी

सेवा सेतु कैंप से घर-द्वार पर मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ : मुनीष कठवाड़



कैथल। सेवा संकल्प अभियान के तहत गांव हाबड़ी के गुरुद्वारे में सेवा सेतु कैंप का आयोजन किया गया है। कैंप में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर नागरिकों को जानकारी दी और पात्र लाभार्थियों को आवेदन प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया। इस शिविर में पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़ ने बतौर मुख्यातिथि की शिरकत। इस दौरान उनके साथ बीडीपीओ राज सिंह, देवी दयाल बरसाना विशेष रूप से मौजूद रहे। पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों की सेवा निरंतर देश के लिए समर्पित रही है। देश व प्रदेश तरक्की की डगर पर है और पूरे विश्व में भारत की अलग पहचान बनी हुई है। प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अनेक योजनाओं के माध्यम से पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचाया जा रहा है। सेवा सेतु कैंप के माध्यमों से घर द्वार पर ही सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। शिविर के दौरान नागरिकों को दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, स्वरोजगार, कौशल विकास, ऋण सुविधा सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। बीजेपी नेता देवीदयाल बरसाना ने कहा कि सरकार का मकसद है कि कोई भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे। इसके लिए यह सेवा सेतु कैंप नागरिकों के लिए बहुत मददगार सिद्ध हो रहे हैं।

मकान से आभूषण चोरी करने के मामले में आरोपी काबू



कैथल। एक मकान से आभूषण चोरी करने के मामले की जांच एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एसआई जयभगवान व एचसी अनिल कुमार की टीम द्वारा करके हुए आरोपी गांव मंडवाल निवासी रोहित को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गली नंबर 7 अमरगढ़ गामड़ी कैथल निवासी कपिल गोयल कि शिकायत अनुसार 29 सितंबर शाम करीब 6:15 बजे उसकी माता घर लौटी तो मकान का ताला टूटा हुआ था और घर का सामान बिखरा पड़ा था। जांच दौरान घर से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सोने की अंगूठी, चांदी के 12 सिक्के, 32 हजार रुपये नकदी तथा चांदी की 2 जोड़ी पाजेब चोरी करनी पाई गई। जिस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा सोने की अगुंठी व 10 चांदी के सिक्के बरामद कर लिए गए। आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पूर्व सैनिक सूबेदार कृपाल सिंह पंचतत्व में विलीन

कैथल। आर्मी सप्लाई कोर के वीर योद्धा पुर्व सैनिक सूबेदार कृपाल सिंह ने बीमारी के कारण 84 वर्ष की आयु में घर पर आखिरी सांस ली ।जैसे इस बात का पता पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल को लगा एसोसिएशन की टीम उनके पैतृक गांव रसूलपुर में उनके निवास पर पहुंची और उनके पार्थिक शरीर पर एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी, फौजी कर्मवीर,इंस्पेक्टर सोमदत्त शर्मा, डब्ल्यू ओ रवि दत्त शर्मा, सूबेदार राम दिया सूबेदार महेंद्र सिंह हवलदार अभे सिंह, रिसालदार रघुबीर सिंह, सुबेदार उदे भान शर्मा ने मिलकर तिरंगा ओढ़ाया और सभी पूर्व सैनिक अंतिम यात्रा में शामिल हुए ।शमशान घाट में जाकर रीट चढ़ाई गई और पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई। पूर्व सैनिकों के साथ-साथ पारिवारिक सदस्य, रिश्तेदार, जिला पार्षद श्री मेजर सिंह,गांव वासी व मातृशक्ति आदि सैकड़ो की संख्या ने श्रद्धांजलि दी। एसोसिएशन की परम्परा अनुसार और तिरंगा एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी एवं उपस्थित पुर्व सैनिकों ने तिरंगा उनकी पुत्री अमृत पाल कौर को भेंट किया गया। तत्पश्चात उनकी चिता को मुखाग्नि दी और वो पंचतत्व में विलीन हो गए। साथी ही ई सी एच एस पॉलीक्लिनिक कैथल के प्रांगण में स्पर्श पेंशन शिविर का आयोजन स्टेशन हैडक्वाटर अंबाला कैंट से वेटेरनस सहायता केंद्र की टीम ने कैप्टन रामकुमार के नेतृत्व में लगाया।



कैथल। पूर्व सैनिक ने अमृत पाल कौर को तिरंगा भेंट करते हुए।

ब्लैकमेल मामले में आरोपी दबोचा



कैथल। पुलिस गिरफ्त में साइबर ठगी का आरोपी।

कैथल। न्यूड वीडियो कॉल के जरिए ब्लैकमेल करके लाखों रुपए ऐंठने के मामले में थाना साइबर क्राइम टीम ने आरोपी को काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-18 निवासी एक व्यक्ति कि शिकायत अनुसार 6 जुलाई की रात उनके फेसबुक पर 'पिंकी शर्मा' नाम की लड़की की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। उन्हें लगा कि कोई जानकार है, इसलिए उन्होंने रिक्वेस्ट स्वीकार कर ली। थोड़ी देर बाद वही लड़की मैसेंजर पर चैट करने लगी और उससे उनका व्हाट्सएप नंबर मांग लिया। जैसे ही नंबर भेजने के कुछ समय बाद उनके मोबाइल पर अचानक एक वीडियो कॉल आई। कॉल उठाने पर स्क्रीन पर न्यूड लड़की दिखाई दी, जो उसको भी कपड़े उतारने का दबाव बनाने लगी। उसने कॉल तुरंत काट दी।

अतिथि अध्यापकों के नियमितीकरण को लेकर महापड़ाव में सैकड़ों शिक्षक भाग लेंगे: अमरनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। महापडाव में भाग लेने बारे विचार विमर्श करते कर्मचारी नेता। फोटो :हरिभूमि

माननीय पंजाब एवं हरियाणा के निर्देश के अनुसार अतिथि अध्यापको को नियमित करने की मांग को लेकर लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र पर कल के महापड़ाव में जिले से संकड़ों अध्यापक भाग लेंगे। इसकी तैयारी को लेकर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ और राजकीय अनुबंधित अध्यापक संघ ने सयुक्त रूप से जिले के तारागढ़, खेड़ी सिंबल वाली,किछाना, कोटड़ा व सेहरदा के स्कूलों में अध्यापकों से संपर्क साधा। टीम में शामिल अध्यापक नेताओं अमरनाथ किठानिया, रमेश गुलियाना व पलविंदर सिंह ने बताया 16 जून 2014 व 18 जून 2014 को हरियाणा सरकार द्वारा अनियमित कर्मचारियों व शिक्षकों को नियमित करने की नीति गठित की गई थी। 16 अप्रैल 2026 को उच्चतम न्यायालय द्वारा ग्रुप बी व ग्रुप सी और डी की तीन वर्ष की सेवा शर्तों वाली पालिसी को वैध बताते हुए प्रदेश सरकार को उक्त पालिसी की सेवा शर्तों को पूरा करने वाले शिक्षकों व कर्मचारियों को नियमित करने की निर्धारित समय मे नियमित करने के आदेश पारित किया था। कोर्ट के आदेशानुसार नियमित किया जाए लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारी अभी तक कुंभकर्ण की नींद मे सोया हुआ है।



शिविर में चालीस यूनिट रक्त एकत्रित किया

पूंडरी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), पूंडरी में शुक्रवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा के प्रतिनिधि के रूप में उनके भाई सरपंच लाभ सिंह जांबा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। शिविर में संस्थान के विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस दौरान कुल 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। मुख्य अतिथि लाभ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत की गई है। इसी अभियान के तहत संस्थान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान महादान है। रक्त की एक यूनिट किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे रक्तदान के लिए आगे आएं और मानवता की सेवा में अपना योगदान दें। संस्थान के प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह ने बताया कि शिविर में विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर के सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए रेडक्रॉस सोसायटी, कैथल और स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया। शिविर के आयोजन में संस्थान के वर्ग अनुदेशक सुखदेव आर्य, प्लेसमेंट अधिकारी संदीप रावेश तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन के माध्यम से युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी निभाने, जरूरतमंदों की मदद करने और रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया।

निरंतर अभ्यास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया



कैथल। अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सोंगरी, गुलियाणा में जूनियर तलवारबाजी प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह एवं खेल भावना के साथ किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने किया। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा, कौशल एवं खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कैथल फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक सहारण ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएँ दीं।

उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

बाबू अनंत राम जनता महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने 8 गोल्ड सहित 10 पदक जीते

ढांड। बाबू अनंत राम जनता महाविद्यालय, कौल के खिलाड़ियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में आयोजित अंतर महाविद्यालयीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते महाविद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 10 खिलाड़ियों ने भाग लिया और सभी ने पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। खिलाड़ियों ने 8 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक हासिल कर महाविद्यालय की उपलब्धियों में नया अध्याय जोड़ा। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चौ. तेजवीर सिंह के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने यह उपलब्धि हासिल की। स्वर्ण पदक विजेताओं में बीए प्रथम वर्ष के निखिल (55 किलोग्राम), डीएसपीसी प्रथम वर्ष के उदय सिंह (75 किलोग्राम), बीएससी स्पोर्ट्स तृतीय वर्ष के विशेष कुमार (85 किलोग्राम), द्वितीय वर्ष के आदित्य शर्मा (90+ किलोग्राम) तथा प्रथम वर्ष की जीया रानी (54 किलोग्राम), अंशुल (48 किलोग्राम), महक (57 किलोग्राम) और निकिता डांगी (65 किलोग्राम) शामिल हैं। वहीं, बीएससी स्पोर्ट्स प्रथम वर्ष के धर्मेंद्र कुमार (60 किलोग्राम) और हिमांशु (70 किलोग्राम) ने कांस्य पदक जीतकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया।



ढांड। प्राचार्य डा. ऋषिपाल विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।

शिक्षा भारती विद्या निकेतन में भाषण स्पर्धा में अथर्ववेद-ऋग्वेद सदन प्रथम

कैथल। शिक्षा भारती विद्या निकेतन में विद्यार्थियों का आधुनिक समाज में महत्व विषय पर गरिमामय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्कूल के सभी सदनों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए। अंग्रेजी माध्यम में आयोजित इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाना और उन्हें समाज में उनके योगदान एवं दायित्वों से अवगत कराना था। प्रतियोगिता में कड़े मुकाबले के बीच अथर्ववेद और ऋग्वेद दोनों सदनों ने संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल किया। वहीं यजुर्वेद सदन ने दूसरा तथा सामवेद सदन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन कुलदीप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि /"विद्यार्थी किसी भी देश और समाज का भविष्य होते हैं। आधुनिक युग में केवल पुस्तकीय ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि बच्चों में सामाजिक चेतना, नैतिक मूल्य और मंच पर निर्भीक होकर बोलने का कौशल विकसित होना भी बेहद जरूरी है।/



कैथल। भाषण प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रा।

भ्रूण हत्या और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों पर किया प्रहार

नुक्कड़ नाटक से छात्राओं को एड्स के प्रति किया जागरूक

रेड रिबन क्लब के सहयोग से जागरूकता अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय, कलायत में प्रस्तुति देते कलाकार।

श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय, कलायत में उपमंडल नागरिक अस्पताल, कलायत की ओर से रेड रिबन क्लब के सहयोग से एचआईवी-एड्स जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणवी लोक कला एवं फॉक मीडिया के माध्यम से छात्राओं को एचआईवी-एड्स के कारणों, बचाव, जांच और उपचार के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। रोहतास पेगा एंड पार्टी ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एचआईवी-एड्स के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने के साथ-साथ कन्या भ्रूण हत्या, अशिक्षा और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों पर भी प्रभावशाली संदेश दिया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कलायत से आईसीटीसी काउंसलर गीता सिंह, लैब टेक्नीशियन जिले सिंह, एमपीएचडब्ल्यू राजीव कुमार तथा हरियाणा राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी, पंचकूला से रोहतास पेगा एंड पार्टी ने भाग लिया। कलाकारों ने हरियाणवी संस्कृति और लोक शैली के माध्यम से छात्राओं को जागरूक करते बताया कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी अपनाने से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। छात्राओं को विशेष रूप से समझाया गया कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ हाथ मिलाने, गले मिलने, एक ही कक्षा में बैठने, साथ खाना खाने, एक ही शौचालय का इस्तेमाल करने या सामान्य सामाजिक संपर्क से नहीं फैलता।

बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया

रेड रिबन क्लब के प्रभारी रविंद्र कुमार ने छात्राओं को ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी सही जानकारी को अपने परिवार और समाज तक पहुंचाकर एचआईवी-एड्स के प्रति फैली गलत धारणाओं को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

जागरूकता जरूरी

प्रोफेसर नवीन कुमार ने कहा कि एचआईवी-एड्स के विरुद्ध लड़ाई केवल चिकित्सा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जागरूकता, सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय संवेदनाओं से भी जुड़ी है।

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय के छात्रों ने किया मोहाली का औद्योगिक भ्रमण

- शैक्षिक अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। मोहाली स्थित गोदरेज कंपनी का भ्रमण करते विद्यार्थी।

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय, के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग ने बीबीए, एमबीए और बीकॉम कार्यक्रमों के छात्रों के लिए 8 अक्टूबर को मोहाली स्थित गोदरेज कंपनी में एक औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया। भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को औद्योगिक संचालन, आधुनिक विनिर्माण प्रक्रियाओं और एक अग्रणी कॉर्पोरेट संगठन के कामकाज का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रोफेसर डॉ. आर.के. गुप्ता ने भाग लेने वाले छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें इस शैक्षिक अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय की डीन प्रोफेसर डॉ. रेखा गुप्ता भी इस अवसर पर उपस्थित थीं और उन्होंने छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान और व्यावसायिक कौशल को बढ़ाने में उद्योग-अकादमिक संवाद के महत्व पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष डॉ. महिपाल ढांडा भी उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

गांव सांच में पिता-पुत्र से मारपीट, चार पर केस

कैथल। गांव सांच में पिता-पुत्र के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता धर्म सिंह निवासी सांच ने पूंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक अक्तूबर की सुबह करीब छह बजे राजेंद्र उर्फ टमाटर, उसके बेटे आर्यन व ईशान और सुनील ने उसके और उसके बेटे के साथ मारपीट कर उन्हें चोटें पहुंचाई। डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव रोहेड़ा में युवती घर से बिना बताए लापता

कैथल। गांव रोहेड़ा से 20 वर्षीय युवती घर से बिना बताए लापता हो गई। पुलिस को दी शिकायत के अनुसार युवती के चाचा ने बताया कि उसकी भतीजी सुबह करीब 10 बजे घर से कहीं चली गई। इसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। मामले की सूचना मिलने पर राजौंद थाना को दी। डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मकान का ताला तोड़कर कब्जा, मामला दर्ज

कैथल। गांव कुराड़ में फाइनेंस कंपनी के अधिकृत मकान का ताला तोड़कर कब्जा करने के आरोप में पुलिस ने दंपती के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत प्रतिनिधि लोकेश सिंगला ने शिकायत में बताया कि बलिंद्र और उसकी पत्नी फूलो निवासी गांव कुराड़ ने मकान का ताला तोड़कर कब्जा कर लिया। कंपनी की ओर से इस मकान पर सील लगाई गई थी। डीएसपी रोहताश ने बताया कि शिकायत के आधार पर कलायत थाना पुलिस दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मूंदड़ी में ट्रांसफार्मर का सामान चोरी

कैथल। गांव मूंदड़ी में ट्रांसफार्मर का सामान चोरी हो गया। बिजली निगम के एसडीओ महिंदर कुमार ने पुलिस को शिकायत दी कि एक से आठ अक्तूबर के बीच गांव मुंदड़ी में ट्रांसफार्मर का सामान चोरी कर लिया गया। चोरी हुए सामान की कीमत करीब 55 हजार 344 रुपये बताई गई है। डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि शिकायत के आधार पर पूंडरी थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन हरियाणा ने किया शहर में प्रदर्शन

मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज उठाई चालकों और क्लीनरों के अधिकारों की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭|जींद



जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए यूनियन सदस्य। फोटो : हरिभूमि

ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन हरियाणा ने शुक्रवार को मांगों को लेकर लघु सचिवालय में प्रदर्शन किया और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ज्ञापन भेज कर प्रदेश के असंगठित परिवहन क्षेत्र में कार्यरत ऑटो रिक्शा, ई रिक्शा, टैक्सी, निजी बस, कैंटर, ट्रक तथा अन्य चारपहिया वाहनों के चालकों और क्लीनरों की समस्याओं के समाधान की मांग की है। ड्राइवरों के धरने की अध्यक्षता आजाद पांचाल ने की और ड्राइवरों को यूनियन के राज्य सचिव प्रदीप शर्मा, ऑल ड्राइवर मालिक यूनियन के राज्य प्रधान नरेंद्र मुआना ने संबोधित किया।

उन्होंने परिवहन मजदूरों के लिए नौकरी की सुरक्षा, आठ घंटे का कार्यदिवस, साप्ताहिक अवकाश, 42 हजार न्यूनतम मासिक वेतन, पीएफ, ईएसआई तथा 60 वर्ष की आयु के बाद 21 हजार मासिक पेंशन की व्यवस्था लागू करने की मांग की है। ड्राइवरों को संबोधित करते हुए सीटू जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र, उपाध्यक्ष कपूर सिंह ने कहा कि परिवहन क्षेत्र के मजदूर दिन-रात सड़कों पर रह कर यात्रियों और माल को उनके गंतव्य तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ट्रक चालकों को कई-कई दिनों तक अपने परिवार से दूर रहकर काम करना पड़ता है। भीषण गर्मी, सर्दी और बारिश जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों में काम करने के बावजूद इन मजदूरों को नौकरी की सुरक्षा, निश्चित कार्य अवधि, साप्ताहिक छुट्टी, सामाजिक सुरक्षा और पेंशन जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलती हैं। इसके अलावा चालकों को सड़क पर पुलिस और परिवहन अधिकारियों की कथित बदसलूकी तथा मारपीट जैसी समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है।

केंद्र सरकार की वाहन स्क्रैप नीति, बीमा प्रीमियम में बढ़ोतरी, भारी टोल वसूली, डीजल व पेट्रोल और सीएनजी की बढ़ती कीमतों तथा चालान की राशि में वृद्धि पर चिंता जताई गई है। यूनियन ने मोटर वाहन अधिनियम 2019 के संशोधनों को वापस लेने, वाहन स्क्रैप नीति को अनिवार्य के बजाय स्वैच्छिक बनाने तथा ईंधन और बीमा प्रीमियम की बढ़ी हुई दरें वापस लेने की मांग की है। साथ ही भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 और 106 (2) के तहत सजा एवं जुर्माने संबंधी प्रावधानों को वापस लेने के लिए आवश्यक संशोधन करने की मांग भी उठाई गई है।

ज्ञापन में ये रही मुख्य मांगें

यूनियन ने परिवहन मजदूरों के लिए कल्याण बोर्ड गठित करने, ब्याजमुक्त ऋण आसान किश्तों पर उपलब्ध करवाने तथा ऑटो, ई रिक्शा और टैक्सी का बीमा सरकार की ओर से करवाने की मांग की है। सभी शहरों में बस स्टैंड के आसपास ऑटो, ई रिक्शा और टैक्सी स्टैंड के लिए जगह निर्धारित करने तथा महिलाओं और पुरुष चालकों के लिए अलग-अलग शौचालय एवं विश्राम गृह बनाने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है। यूनियन ने शहर में ई रिक्शा स्टैंड पर निशुल्क चार्जिंग प्वायंट, सामुदायिक भवनों में निशुल्क पार्किंग और रात्रि पाली में काम करने वाले चालकों के लिए रात्रि आश्रय गृह बनाने की मांग की है। चालकों को सरकार के खर्च पर प्रशिक्षण, हल्के एवं भारी वाहन चलाने के लाइसेंस तथा प्राथमिक उपचार बॉक्स उपलब्ध करवाने की बात भी कही गई है। ज्ञापन में रोडवेज परिवहन निगम को मजबूत करने तथा सरकारी सामान्य और इलेक्ट्रिक बसों की खरीद, रखरखाव और संचालन के लिए पर्याप्त वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने की मांग की गई है। इसके अतिरिक्त दुर्घटना में घायल अथवा लावारिस व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने वाले चालकों को प्रोत्साहन राशि देने तथा अस्पताल तक पहुंचाने का किराया सरकार द्वारा अदा करने की मांग की गई है। यूनियन ने परिवहन क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों को प्रशिक्षण देकर बीमा क्षेत्र, चालान संबंधी कार्यों और अन्य वैकल्पिक स्वरोजगार के अवसरों से जोडने तथा सहकारी संस्थाओं के माध्यम से रोजगार के नए अवसर विकसित करने पर भी जोर दिया है। इस मौके पर प्रदीप शर्मा, नरेंद्र सिंह मुआना, धर्मपाल शर्मा, जोगिंदर सिंह नरवाना, प्रदीप बिधराना, विक्रम सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।


जींद। जन समस्याएं सुनते हुए डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा। फोटो : हरिभूमि

पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

समस्याओं का त्वरित समाधान हो : डॉ. मिड्ढा

- डिप्टी स्पीकर ने आवास पर की जनसुनवाई, अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭|जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने शुक्रवार को अपने आवास पर जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने और लोगों को समय पर राहत देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अधिकारियों को शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय सीमा में उनका निपटारा सुनिश्चित करना चाहिएए ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानी नहीं उठानी पड़े। डा. मिड्ढा ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य लोगों को अपनी समस्याएं सीधे सामने रखने का अवसर देना और उनका प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई होनी चाहिए। संबंधित व्यक्ति को की गई कार्रवाई और समाधान की स्थिति से भी अवगत करवाया जाए। जिन मामलों में एक से अधिक विभागों की भूमिका हैए उनमें आपसी तालमेल स्थापित कर समस्या का निपटारा किया जाए। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि मौजूदा राज्य सरकार जनकल्याण और प्रदेश के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं।

फसल कटाई प्रयोगों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



कैथल। खरीफ सीजन-2026 के दौरान जिले में चल रहे फसल कटाई प्रयोगों का शुक्रवार को सहायक आयुक्त (प्रशिक्षणाधीन) शिवानी पांचाल, संयुक्त निदेशक (सांख्यिकी) डॉ. राजीव मिश्रा और सहायक सांख्यिकी अधिकारी बलकार सिंह सहित अन्य कर्मचारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने गांव कौल, चुहड माजरा और डडवाना में फसल कटाई प्रयोगों का जायजा लिया तथा धान की पैदावार का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान गांव चुहड माजरा में धान की पीआर-2226 किस्म की पैदावार 38 क्विंटल प्रति एकड़ दर्ज की गई। अधिकारियों के अनुसार, यह पैदावार सामान्य वजन से बेहतर है। इस सीजन में धान की अच्छी पैदावार होने से किसानों में उत्साह देखने को मिल रहा है। फसल कटाई प्रयोगों के निरीक्षण के साथ-साथ अधिकारियों ने किसानों को धान की पराली न जलाने के लिए भी प्रेरित किया।

बैठक में निपुण हरियाणा मिशन की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭|राजौंद



निपुण हरियाणा मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन और विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार के उद्देश्य से राजौंद खंड की बीपीआईयू (खंड परियोजना क्रियान्वयन इकाई) की बैठक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, किठाना में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी, राजौंद संदीप नैन ने की। बैठक में मिशन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार और निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सितंबर माह की समीक्षा बैठक में निर्धारित कार्यों की प्रगति, विद्यार्थियों के अधिगम परिणाम, कमजोर अधिगम स्तर वाले विद्यार्थियों की पहचान, कैप्सूल स्कूल सपोर्ट प्रोग्राम, नियमित विद्यालय भ्रमण, कक्षा अवलोकन तथा शिक्षकों को आवश्यक शैक्षणिक सहयोग प्रदान करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया। खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन ने निर्देश दिए कि विद्यालयों में नियमित भ्रमण और कक्षा अवलोकन किया जाए।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बुडायन में वार्षिक निरीक्षण



उचाना। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बुडायन में वार्षिक निरीक्षण संपन्न हुआ। केंद्रीय विद्यालय संगठन, गुरुग्राम संभाग के सहायक आयुक्त अनिल सहित पांच विद्यालयों के प्राचार्यों ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने और विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों में सुधार लाने पर विशेष जोर दिया गया। निरीक्षण की शुरुआत प्रातःकालीन प्रार्थना सभा से हुई। इसके बाद निरीक्षण दल ने विभिन्न कक्षाओं, विभागों और विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान विद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के परीक्षा परिणामों की समीक्षा की गई। सहायक आयुक्त अनिल ने कक्षा दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया।

घर-घर सर्वे में 3398 लंबित मामलों की हुई सुनवाई



कैथल। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची से संबंधित प्राप्त नोटिसों और मामलों की सुनवाई के लिए जिले में 7 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2026 तक विशेष शिविर लगाए गए तथा घर-घर सर्वे किया गया। इस दौरान कुल 3,398 लंबित मामलों की सुनवाई की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अपराजिता ने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार नोटिस एवं सुनवाई से संबंधित मामलों की नियमित समीक्षा की जा रही है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी लाएं और प्रत्येक मामले में निर्धारित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी अपराजिता ने बताया कि मतदाता सूची से संबंधित कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने और राजनीतिक दलों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से फॉर्म-6, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 के तहत प्राप्त दावों एवं आपत्तियों की सूचियां संबंधित राजनीतिक दलों के साथ साझा की गई हैं।

तीन दिवसीय वैदिक सत्संग समारोह शुरू



जींद। आर्य समाज मन्दिर राम नगर रोहतक रोड जींद द्वारा अपने प्रांगण में तीन दिवसीय वैदिक सत्संग समारोह के पहले दिन के प्रातःकालीन कार्यक्रम की शुरुआत अग्निहोत्र से हुई। तत्पश्चात आचार्या आर्याशा दर्शनाचार्या ने वेदामृत रूपी सन्देश को लोगों के सम्मुख प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि आजकल हमारे समाज में अव्यवस्था, अशांति, तनाव, भ्रष्टाचार, दुर्गुण, दुव्यसन तथा सामाजिक कुप्रथाओ का बोलबाला है। धर्म के नाम पर घोर अधर्म फैलाया जा रहा है। इन सभी समस्याओं का समाधान ईश्वरीय वाणी वेद ज्ञान के प्रचार व प्रसार तथा उसके अनुकूल लोगों व समाज के आचरण से ही संभव है। सोनीपत से पधारी गायिका कुमारी तन्नु आर्या भजनों से प्रेरित किया। इस अवसर पर आर्य समाज राम नगर के संरक्षक प्रोफेसर ओमकुमार आर्य व रामकरण आर्यएप्रधान कंवर साहब आर्य, पूर्व प्रधान कर्णसिंह आर्य, मंत्री अजीत आर्य समेत जिले की विभिन्न आर्य समाजों के पदाधिकारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

फ्लावर मैन ऑफ इंडिया ने पुलिस लाइन में 24 किस्मों के फूलों के बीज लगाए



कैथल। फ्लावर मैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध डॉ. रामजी जयमल ने स्वयं पुलिस लाइन कैथल पहुंचकर कम्युनिटी सेंटर के ग्राउंड में अपने हाथों से लगभग 24 किस्मों के सीजनल फूलों के बीज लगाए। उन द्वारा डीएसपी सुशील प्रकाश व अन्य पुलिस कर्मचारियों के सहयोग से तैयार की गई क्यारियों में फूलों के बीज डाले गए। वातावरण को शुद्ध करने के उद्देश्य से हर साल फूलों के पौधे वितरित करने वाले रामजी जयमल द्वारा इस साल भी फूलों की पौध की नर्सरियां लगाई जा रही हैं। पुलिस लाइन में करीब 24 किस्म के फूलों की बीज लगाए गए, जिनमें पेटुनिया, गैंदा, गजीनिया, एलिसम डॉग फ्लावर, मेरीगोल्ड, आईस फ्लावर आदि है।

कथा में सुदामा चरित्र का वर्णन किया



राजौंद। राजौंद के वार्ड नंबर 8 स्थित श्री दुर्गा मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के सातवें दिन श्रद्धालुओं ने पहुंचकर कथा का श्रवण किया। कथा के अंतिम दिन भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का गुणगान किया गया और विभिन्न धार्मिक प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, प्रेम, मित्रता और आध्यात्मिक ज्ञान का संदेश दिया गया। सात दिनों तक चली श्रीमद्भागवत महापुराण कथा को विधिवत विश्राम दिया गया। वहीं, कल मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।कथा के सातवें दिन मुख्य रूप से सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, शुकदेव जी की विदाई और उद्धव गीता के सार सहित श्रीमद्भागवत महापुराण के महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया गया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। सुदामा चरित्र सच्ची मित्रता, प्रेम, त्याग और निस्वार्थ भाव का प्रतीक है।

वकील की पिटाई के विरोध में बार एसो. ने किया वर्क सस्पेंड



कैथल। आरटीआई एक्ट के तहत बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता से सूचना मांगने पर एक वकील की पिटाई करने के विरोध में सफीदों बार एसोसिएशन द्वारा दी गई राज्य स्तरीय कॉल के अंतर्गत कैथल में आज पूरी तरह वर्क सस्पेंड रहा। कैथल में आज वकीलों ने कोई काम नहीं किया। वर्क सस्पेंड के चलते सभी अदालतों के बाहर प्रोक्सी काउंसिल नियुक्त किए गए थे जो आज के मुकदमों में तारीखें ले रहे थे। हालांकि आज बाहर से आने वाले मुवक्किलों को हड़ताल के कारण परेशानी हुई लेकिन वकीलों ने उनसे सहयोग की अपील की है। वकीलों की हड़ताल के कारण बार परिसर सुनसान दिखाई दिया। जिला बार एसोसिएशन कैथल के पदाधिकारी व अन्य वकील अदालत परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर बैठे रहे। आपको बता दें कि गत 16 सितंबर को सफीदों में एक वकील प्रवीण बूरा द्वारा बिजली विभाग के एक्सियन से सूचना मांगी गई थी। सूचना देने की बजाए बिजली कर्मी मनीष तथा रवि ने वकील के साथ मारपीट की।

नरवाना मंडी में धान पर लूट का जिम्मेदार कौन : दनौदा

हरिभूमि न्यूज ⏭|नरवाना



नरवाना की अनाज मंडी में धान की खरीद को लेकर किसानों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। किसानों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि नमी के नाम पर किसानों की धान को सरकारी रेट से लगभग 200 से 300 रुपये प्रति क्विंटल तक कम दाम में खरीदकर उन्हें आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जनता के बीच सबसे गंभीर सवाल यह उठ रहा है कि क्या यह सब स्थानीय नेताओं और स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहा है? किसानों का आरोप है कि मंडी में उनकी फसल की गुणवत्ता और नमी के नाम पर ऐसी स्थिति पैदा की जा रही है, जिससे किसान अपनी धान कम कीमत पर बेचने को मजबूर हो जाता है। सर्वजातीय बिनैण खाप के प्रधान रघुवीर नैन एवं प्रवक्ता संदीप नैन दनौदा ने कहा कि किसानों की तरफ से लगातार यह शिकायत सामने आ रही है कि सरकारी खरीद व्यवस्था के बावजूद उन्हें अपनी धान का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा। उन्होंने कहा कि अगर सरकारी रेट के मुकाबले किसान की धान 200-300 रुपये प्रति क्विंटल कम में बिक रही है तो इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। दनौदा ने सवाल उठाया कि अगर मंडी में सब कुछ नियमों के अनुसार हो रहा है तो फिर किसानों को सरकारी रेट से कम कीमत पर अपनी फसल बेचने की नौबत क्यों आ रही है? नमी की जांच का रिकॉर्ड सार्वजनिक क्यों नहीं किया जाता? किसानों को स्पष्ट रूप से क्यों नहीं बताया जाता कि उनकी फसल में कितनी नमी है और किस नियम के तहत कटौती की जा रही है? उन्होंने कहा कि स्थानीय नेताओं और अधिकारियों की कथित मिलीभगत के आरोप बेहद गंभीर हैं। यदि ये आरोप गलत हैं तो प्रशासन को खुलकर सामने आकर खरीद प्रक्रिया की पारदर्शी जांच करवानी चाहिए।

राजौंद स्वास्थ्य केंद्र में मातृत्व सुरक्षा शिविर लगाया



राजौंद। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजौंद में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मातृत्व सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच करना और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना था। शिविर में महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. ज्योति विशेष रूप से मौजूद रहीं।शिविर के दौरान बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारियों बीना शर्मा, सुनीता देवी और सीमा ने गर्भवती महिलाओं का रक्तचाप और वजन जांचा। वहीं, तकनीकी अधिकारी होशियार सिंह और राजकमल ने रक्त व मूत्र की जांच की। इस दौरान हीमोग्लोबिन, एचसीवी, एचआईवी, वीडीआरएल और रक्त शर्करा सहित विभिन्न जांचें की गईं। शिविर में कुल 78 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी गर्भवती महिलाएं स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए पहुंची।

महाराजा अग्रसेन जयंती का निमंत्रण देने चीका पहुंचे रामप्रताप गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭|गुहला चीका



कैथल में आयोजित होने वाले महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह को भव्य बनाने के लिए अग्रवाल सभा कैथल की ओर से तैयारियां की जा रही हैं। अग्रवाल सभा कैथल के प्रधान रामप्रताप गुप्ता चीका स्थित अग्रवाल धर्मशाला पहुंचे और निमंत्रण दिया। अग्रवाल धर्मशाला चीका के प्रधान कुलवंत राय गोयल ने समाज की ओर से निमंत्रण स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि 11 अक्टूबर, रविवार को कैथल में महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा निकाली जाएगी। 12 अक्टूबर को कैथल के वृंदावन गार्डन में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इसमें गायिका डॉ. अनामिका जैन अंबर सहित अन्य कलाकार आएंगे। इस अवसर पर मंडी प्रधान कर्मचंद गर्ग, सेलर एसो. प्रधान रामसरूप जिंदल, गोशाला प्रधान दर्शन लाल, महावीर मटोरिया, आशु गोयल, कमल गोयल, मिंकू सिंगला, राजकुमार गर्ग, राजकुमार जखोली, राजेश गर्ग और राजू गोरा मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

महर्षि वाल्मीकि सामुदायिक केंद्र कैथल में भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस मनाया

समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण, सम्मान, सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही सरकार : कृष्ण कुमार बेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭|कैथल



कैथल। मंत्री कृष्ण कुमार बेदी कार्यक्रम में भाग लेते हुए फोटो : हरिभूमि

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण, सम्मान, सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है।

मंत्री कृष्ण कुमार बेदी शुक्रवार को महर्षि वाल्मीकि सामुदायिक केंद्र कैथल में भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस के उपलक्ष्य पर सफाई कर्मचारियों एवं वाल्मीकि समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर समाज के प्रतिनिधियों ने फूल मालाओं और पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सफाई कर्मचारियों के हितों और उनकी समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर है। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की 18 में से 17 मांगें तथा नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की सभी 14 मांगें सरकार द्वारा स्वीकार की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना और उनकी समस्याओं का समाधान करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं और सकारात्मक प्रयासों पर विश्वास रखें। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे हर समय कर्मचारियों और समाज के लोगों के साथ खड़े हैं। उन्होंने भगवान वाल्मीकि के प्रकट दिवस को सामाजिक समरसता, समानता और जनकल्याण के संकल्प को मजबूत करने का अवसर बताया। साथ ही उन्होंने आगामी 26 अक्टूबर को सुबह 10 बजे कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस समारोह में शामिल होने के लिए सभी को आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने मंत्री कृष्ण कुमार बेदी का स्वागत किया और कहा कि हरियाणा सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण और प्रदेश के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक फूल सिंह खेड़ी, सुरेंद्र पहलवान, आशा कुमारी, जोगिंद्र सिंह, सुरेश नौच, सीमा वाल्मीकि, ऋषिपाल बेदी, नरेश सजूमा, राजू, सुशील, रमेश, बिट्टू, दयानंद, वेद, बलदेव, अमित, डॉ. ओमता राम, बलराज, राजेश आदि उपस्थित रहे।